आईआईएम रांची में व्याख्यान आयोजित

रांची। आजादी का अमृत महोत्सव शृंखला के तहत आईआईएम रांची ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के सहयोग से सोमवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि रांची विवि के सामाजिक विज्ञान संकाय के पूर्व डीन डॉ दिवाकर मिंज थे।

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सलाहकार रविशंकर ने एनसीएसटी के बारे में जानकारी दी। वहीं, जाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ राजकिशोर हांसदा ने आदिवासी नायकों के योगदान पर व्याख्यान दिया।

Hindustan_18.10.2022_Pg. 08